क्षेत्रीय हिमालयी वनस्पति अनुसंधान संस्थान
केन्द्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद्
थापला (रानीखेत) – 263645, अल्मोड़ा (उत्तराखण्ड)

पत्रांक: आर.आर.आई.एच.एफ. / एक / संविदा / 09 / – 494 3-3-15

निविदा सूचना

इस संस्थान को चार चौकीदार एवं पांच परिचर एक साल के लिए (अप्रैल, 2015 से मार्च, 2016 तक) निम्न स्थानों पर कार्य करने हेतु आवश्यकता है। अतः संस्थान द्वारा संविदा पर चौकीदार एवं परिचर हेतु अनुभवी एवं लाइसेंस धारी जो कि श्रम विभाग के यहां पंजीकृत एवं सेवाकर, ई0पी0एफ0 में भी पंजीकृत हो से मुहरबंद निविदाएं डाक द्वारा/ हाथों–हाथ आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएं दिनांक 16.3.2015 अपराहन 12:30 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के थापला कार्यालय में प्राप्त हो जानी चाहिए। लिफाफे के ऊपर चौकीदार एवं परिचर हेतू निविदा अंकित होना चाहिए। निविदाएं संस्थान की गठित समिति एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष उसी दिन दिनांक 16.3.2015 को अपराहन 2 बजे खोली जाएंगी।

1. वनौषधि उद्यान, रानीखेत में 1 चौकीदार एवं 1 परिचर।
2. सर्वेक्षण एवं वनौषधि संग्रहण अनुभाग में 2 परिचर।
3. संस्थान कार्यालय हेतु 1 चौकीदार।
4. कस्तूरा मृग अनुसंधान केन्द्र हेतु 2 चौकीदार एवं 1 परिचर।
5. वनौषधि वाटिका चम्बा (टिहरी) हेतु 1 परिचर।

कार्य अनुभागीय अधिकारियों की देख–रेख में किया जाएगा और संतोषजनक आकलन के पश्चात् ही सफल निविदादाता को मासिक किश्तों में भुगतान किया जा सकेगा। संतोषजनक कार्य न होने पर अनुबन्ध किसी भी समय समाप्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा। प्रत्येक माह में कम से कम पच्चीस श्रमिक कार्य दिवस होंगे।

निविदा सम्बन्धित नियम व शर्त निम्न प्रकार हैं।

1. निविदा प्रपत्र रू0 200.00 (रू0 दो सौ मात्र) निविदा शुल्क जमा कर दिनांक 13.3.2015 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक संस्थान कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र परिषद् की वेबसाइट से डाउनलोड करने पर निविदा शुल्क रू0 200.00 (रूपया दो सौ मात्र) का डिमान्ड ड्राफ्ट Regional Research Institute of Himalayan Flora, CCRAS, Thapla (Ranikhet) के नाम देय होगा।
2. निविदा दाता को श्रम विभाग में पंजीकृत होना आवश्यक है।
3. निविदा दाता को श्रमिक आपूर्ति करने का पांच वर्ष का अनुभव हो और दो वर्ष का केन्द्र सरकार या राज्य सरकार के अनुसंधान संस्थानों में आपूर्ति करने का अनुभव हो।
4. निविदा दाता को ई0पी0एफ0, ई0एस0आई0 व सर्विस टैक्स में पंजीकृत व फर्म रजिस्ट्रेशन होना आवश्यक है।
5. निविदाकर्ता द्वारा कर्मियों को सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम दैनिक मजदूरी अनिवार्य रूप से देनी होगी तथा उनके हितों हेतु कर्मिचारी भविष्य निधि का पूरी तरह पालन करना होगा।
6. सफल निविदादाता के संविदा चौकीदार/परिचर के सम्बन्ध में एक साल के लिए अनुबन्ध करना होगा। जो कि 100 रू0 के Non Judicial Stamp Paper में लिखा जाएगा।

7. सफल निविदादाता को धरोहर राशि रू0 30,000/— का डिमाण्ड ड्राफ्ट/वैंकर्स चैक/एफडीआर जो कि आर.आर.आई.एच.एफ., थापला के पक्ष में देय होगा।
8. निविदादाता को श्रम विभाग द्वारा कान्ट्रैक्ट श्रमिकों सम्बन्धी सभी नियमों का पूर्णतः पालन करना अनिवार्य होगा एवं उपर्युक्त सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों की एक प्रति निविदा के साथ संलग्न करनी आवश्यक है।
9. बैंक Solvency Certificate Rs. 5 लाख का होना अनिवार्य है।
10. तीन साल का इन्कम टैक्स क्लेरैन्स सर्टिफिकेट बैलेन्स सीट के साथ सी.ए. द्वारा ऑडिट किया गया अनिवार्य है।
11. संविदा पर कार्यरत चौकीदार, परिचर निविदादाता के कर्मचारी होंगे तथा इनकी हर प्रकार की जिम्मेदारी निविदादाता की होगी। निविदादाता को संविदा चौकीदार/सुरक्षा गार्ड, परिचर की समस्त देयताओं का भुगतान नियमानुसार समय पर करना होगा।
12. सशर्त एवं अपूर्ण निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
13. संस्थान को यह अधिकार होगा की वह बिना कारण बताये समस्त किसी भी निविदा को निरस्त कर सकता है।
14. संविदा चौकीदार एवं परिचर साक्षर होने के साथ—साथ स्वस्थ्य एवं अच्छे चरित्र के होने चाहिए।

सफल निविदादाता को इस संस्थान के मुख्यालय नई दिल्ली की स्वीकृति के उपरान्त ही कार्य प्रारम्भ किये जाने के आदेश अधोहस्ताक्षरी द्वारा पारित किया जा सकेगा।

प्रभारी अनुसंधान अधिकारी

TENDER FORM

The rates may be quoted separately for Chowkidar, Attendant in the following format (Financial Bid):

Sl. No.	Description	Wages per month for one employee	EPF	Other charges, if any (details should be given)	Service Charges	Service Tax	Total per employee	Grand Total
1.	Chowkidar (4 Nos.)							
2.	Attendant (5 Nos.)							
	Grand Total:-							

Date:

Signature……………………

Seal…………………………

Research Officer Incharge
RRIHF, CCRAS
Thapala 263645